समाचार

सामाजिक,आर्थिक रूप से कमजोर तबके की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार—मुख्यमंत्री

(जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ अधिकारी कर्मचारियों ने सुनी लोकवाणी, निगम ने 07 स्थानों पर की थी लोकवाणी सुनने की व्यवस्था)

कोरबा 08 सितम्बर 2019—लोकवाणी कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े तबके की पूरी सहायता के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है, वंचितों को उनका पूरा हक मिले, सामाजिक न्याय को बल मिले इस दिशा में सरकार व्यापक रूप से कार्य कर रही है, उन्होने कहा कि गांव से लेकर शहर तक, किसानों से लेकर युवाओं तक सभी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

आज 08 सितम्बर को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी की दूसरी कड़ी में प्रदेशवासियों को संबोधित किया। लोकवाणी का श्रवण करने के लिए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के अंतर्गत 07 स्थानों पर टी.व्ही., रेडियो व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी, जहां पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ—साथ अधिकारी कर्मचारियों ने लोकवाणी का श्रवण किया। लोकवाणी में प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी बच्चों विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है, राज्य में शिक्षा का अधिकार कानून को विस्तारित किया गया है, जिसके तहत बारहवीं कक्षा तक की निःशुल्क शिक्षा के अधिकार का विस्तार किया गया है। उन्होने शिक्षकों, गुरूजनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि हर बडी उपलब्धि के पीछे गुरूजनों का योगदान रहता है, नई पीढ़ी का भविष्य गढ़ने में गुरूजन अपनी अहम भूमिका निभाएं, उनके हितों की रक्षा के लिए शासन हरसंभव कदम उठा रहा है, शिक्षाकर्मियों के संविलियन और उन्हें तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हमने कार्य किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 15 हजार शिक्षकों की भर्ती, स्कूल, कालेज में पढ़ाई का स्तर सुधारने, प्रदेश में दो दर्जन नए कालेज खोलने, नक्सली इलाके में 07 नए डिग्री कालेज खोलने, 14 वर्ष से 60 वर्ष उम्र के नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता, खेल प्राधिकरण का

गठन, छत्तीसगढ़ में दिए गए 82 प्रतिशत आरक्षण सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्रदेशवासियों को जानकारी दी। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में आयोजित लोकवाणी कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, एम. आई.सी.सदस्य देवीदयाल सोनी, सुनील पटेल, पार्षद मनीष शर्मा, डॉ.मनहरण लाल राठौर, वीरसायं धनुवार, श्यामादास महंत, अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, बसंत चन्द्रा, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के.चौबे, डी.सी.सोनकर, डॉ.संजय तिवारी, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, विवेक रिछारिया, राजेश पाण्डेय, रघुराज सिंह, अनिरूद्ध शुक्ला, योगेन्द्र देवांगन, देवेन्द्र स्वर्णकार, अरूण बघेल, हरिशंकर साहू, कृष्णा राठौर, अश्वनीदास, मोतीलाल बरेठ आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण व अधिकारी कर्मचारियों ने लोकवाणी का श्रवण किया।